दिनांकः–30.10.2026 को विभागीय निविदा समिति द्वारा Renovation with addition & alteration to E.I. in Main Building(G+1), Workshop and COE Building in the Campus of Government Liladeep Narayan I.T.I. at Bhagalpur, Distt.-Bhagalpur कार्य हेतु आमंत्रित ई–निविदा के तकनीकी बीड मूल्यांकन पर प्राप्त आपत्ति/परिवाद के निस्तार हेतु आहुत बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थितिः–

1.	श्री प्रणव कुमार–	सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।	अध्यक्ष
2.	श्री असीम कुमार–	अभियंता प्रमुख(विद्युत), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।	सदस्य
3.	श्री रमेन्द्र कुमार–	मुख्य विद्युत अभियंता–02, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।	सदस्य
4.	श्री विकास कुमार पाण्डेय–	आंतरिक वित्तीय सलाहकार, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।	सदस्य

कार्यवाही :–

1. कार्य का नामः– Renovation with addition & alteration to E.I. in Main Building(G+1), Workshop and COE Building in the Campus of Government Liladeep Narayan I.T.I. at Bhagalpur, Distt.-Bhagalpur

2. प्रशासनिक स्वीकृति की राशि– 1,91,35,733/– (युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार सरकार का पत्रांक–197, दिनांक–29.01.2026)

3. तकनीकी स्वीकृति की राशि– 2,02,62,013/–

4. परिमाण–विपत्र की राशि– 2,01,11,456/–

5. ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 17/2026–27(विद्युत भवन प्रमंडल, भागलपुर)

6. समाचार पत्रों में प्रकाशन का प्रसंग– दैनिक जागरण, दिनांक–07.07.2026

7. प्रकाशन का पी0 आर0 नं0– 007045(BCD)/2026-27

8. ई–निविदा आमंत्रण होने की तिथि– 02.07.2026

9. प्री–बीड बैठक की तिथि– दिनांक–23.07.2026 को विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत भवन अंचल, दक्षिण बिहार, पटना।

   दिनांक–24.07.2026 को मुख्य विद्युत अभियंता–02 का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

10. ई–निविदा(तकनीकी बीड) खोलने की तिथि– 07.08.2026

11. ई–निविदा में भाग लेने वाले निविदाताओं का नाम एवं पता :–

   (i) मेसर्स गौतम कुमार, भागलपुर।

   (ii) मेसर्स मंगलम पलानर्स एण्ड कन्स्ट्रक्शन प्रा0लि0, मोकामा।

   (iii) मेसर्स प्रकाश इलेक्ट्रीकल, पटना।

   (iv) मेसर्स श्रेयस इंजीकोन प्रा0लि0, पटना।

12. दिनांक–18.09.2026 को आहुत तकनीकी बीड मुल्यांकन समिति के बैठक की कार्यवाही :–

विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, दक्षिण बिहार, पटना के पत्रांक–876, दिनांक–20.08.2026 के द्वारा विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित ई–निविदा में भाग लेने वाले निविदादाताओं का तकनीकी बीड अभिलेखों को समर्पित किया गया है। इस संदर्भ में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के सभी सदस्यों द्वारा निविदादाताओं के अभिलेखों का विस्तृत जाँचोपरान्त निम्नलिखित तथ्य पाये गये :–

(क) प्रथम निविदादाता मेसर्स गौतम कुमार, भागलपुर है। इनके द्वारा अपलोड किये गये अभिलेखों के जाँचोपरान्त पाया गया कि ई–निविदा तथा एस0बी0डी0 के सभी शर्त्तों/नियमों का अनुपालन किया जा रहा है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में "रिस्पौंसिव" पाया गया।

(ख) द्वितीय निविदादाता मेसर्स मंगलम पलानर्स एण्ड कन्स्ट्रक्शन प्रा0लि0, मोकामा है। इनके द्वारा अपलोड किये गये अभिलेखों के जाँचोपरान्त पाया गया कि इनके द्वारा ई–निविदा शर्त्त संख्या–27 के अनुसार सुपरवाईजर का लाईसेंस नहीं दिया गया है। साथ ही, इनके द्वारा समान प्रकृति का अनुभव प्रमाण–पत्र जो Mangalam VC(JV) का जो दिया गया है, उसमें Shareholding 35% है, जोकि परिमाण–विपत्र की 50% राशि से कम है, तदालोक में एस0बी0डी0 की कंडिका–4.5(b) के अनुरूप नहीं है। इनके द्वारा Not Abandoned संबंधी शपथ–पत्र एस0बी0डी0 की कंडिका–4.8 के तहत नहीं दिया गया है। इनके द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका–4.5(B)(a) के तहत इलेक्ट्रीकल टूल्स एवं प्लांट का अभिलेख नहीं दिया गया है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में "नॉन–रिस्पौंसिव" पाया गया।

(ग) तृतीय निविदादाता मेसर्स प्रकाश इलेक्ट्रीकल, पटना है। इनके द्वारा अपलोड किये गये अभिलेखों के जाँचोपरान्त पाया गया कि ई–निविदा तथा एस0बी0डी0 के सभी शर्त्तों/नियमों का अनुपालन किया जा रहा है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में "रिस्पौंसिव" पाया गया।

(घ) चतुर्थ निविदादाता मेसर्स श्रेयस इंजीकोन प्रा0लि0, पटना है। इनके द्वारा अपलोड किये गये अभिलेखों के जाँचोपरान्त पाया गया कि ई–निविदा तथा एस0बी0डी0 के सभी शर्त्तों/नियमों का अनुपालन किया जा रहा है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में "रिस्पौंसिव" पाया गया।

13. दिनांक–18.09.2026 को आहुत तकनीकी बीड मुल्यांकन समिति के बैठक का निर्णय :–

सम्यक विचारोपरान्त समिति के सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित ई–निविदा के तकनीकी बीड में मेसर्स गौतम कुमार, भागलपुर, मेसर्स प्रकाश इलेक्ट्रीकल, पटना एवं मेसर्स श्रेयांस इंजीकोन प्रा0लि0, पटना को सफल घोषित तथा मेसर्स मंगलम पलानर्स एण्ड कन्स्ट्रक्शन प्रा0लि0, मोकामा को असफल घोषित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही, समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर रखी जाए एवं दिनांक–25.09.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। उक्त निर्धारित अवधि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में मुख्य विद्युत अभियंता–02, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ई–निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदादाताओं की वित्तीय बीड खोलने हेतु अग्रेतर आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

14. दिनांक–14.10.2026 को आहुत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के बैठक की कार्यवाही :–

दिनांक–24.09.2026 को ई–मेल के माध्यम से निविदादाता मेसर्स गौतम कुमार, भागलपुर द्वारा आपत्ति तथा परिवादी अंकुर आनंद, भागलपुर द्वारा परिवाद समर्पित की गयी है, जिसकी विवरणी एवं वर्त्तमान तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का उक्त पर मंतव्य निम्नवत् है :–

क्र0 सं0	आपत्ति की विवरणी	तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्य
1.	मेसर्स गौतम कुमार, भागलपुर– सविनय निवेदन है कि उपर्युक्त ई–निविदा का अवलोकन किया गया। उक्त निविदा में Sl.No. 18 के अंतर्गत E.M.D. से संबंधित ऐसी शर्त अंकित की गई है, जिसे विभाग द्वारा पूर्व में समाप्त/विलोपित किया जा चुका है। विभाग द्वारा पूर्व में उक्त शर्त को समाप्त किए जाने के बावजूद विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल, भागलपुर द्वारा वर्त्तमान निविदा में उक्त शर्त को पुनः सम्मिलित किया जाना निविदा प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं समान अवसर के दृष्टिकोण से उचित प्रतीत नहीं होता है। इससे इच्छुक एवं पात्र संवेदकों को अनावश्यक कठिनाई उत्पन्न होती है तथा निविदा में व्यापक एवं निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा प्रभावित हो सकती है। उक्त शर्त के कारण राज्य के बाहर की अनेक इच्छुक एवं पात्र कंपनियाँ/संवेदक, निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से वंचित रह गये है। जब विभागीय स्तर पर उक्त शर्त को पूर्व में समाप्त/विलोपित किया जा चुका है, तो वर्त्तमान निविदा में उसे पुनः सम्मिलित किये जाने का औचित्य एवं आधार स्पष्ट किया जाना आवश्यक है। उक्त परिस्थिति से यह आशंका उत्पन्न होती है कि किसी विशेष फर्म/व्यक्ति को अप्रत्यक्ष रूप से लाभ अथवा प्राथमिकता प्रदान करने के उदेश्य से उक्त शर्त को पुनः निविदा में सम्मिलित किया गया हो। अतः निवेदन है कि पूरे प्रकरण की उच्च स्तर से जांच कराई जाए तथा यह स्पष्ट किया जाए कि विभाग द्वारा पूर्व में समाप्त की गई उक्त शर्त को वर्त्तमान निविदा में पुनः किस आधार एवं किस सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से सम्मिलित किया गया है। अतः आपसे अनुरोध है कि वर्त्तमान ई–निविदा में विभागीय निर्देशानुसार प्रावधानों को अनुपालन नहीं होने के कारण उक्त ई–निविदा को निरस्त करते हुए पुनः विभागीय निर्देशानुसार ई–निविदा आमंत्रित करने की कृपा की जाए, जिससे अधिकाधिक संवेदक इसमें भाग ले सकें। साथ ही, वर्त्तमान निविदा को निरस्त किए जाने एवं पुनः निविदा आमंत्रित किए जाने तक इस निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार की तकनीकी/वित्तीय कार्रवाई आगे न बढ़ाने की भी कृपा की जाए।	आपत्तिकर्त्ता निविदादाता मेसर्स गौतम कुमार, भागलपुर दिनांक–18.09.2026 को आहुत तकनीकी बीड के मूल्यांकन में सफल घोषित किये गये है। निविदादाता द्वारा कंडिका–18 के संबंध में अग्रधन की राशि बैंक गारंटी जमा करने की प्रक्रिया के संबंध में की गयी आपत्ति के संदर्भ में विभागीय पत्रांक–4533(भ0), दिनांक–22.05.2025 के नियमानुसार निविदाओं के निष्पादन के क्रम में बैंक गारंटी मूलरूप में जमा करने की अनिवार्यता समाप्त की गयी है। जबकि विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल, भागलपुर द्वारा आमंत्रित ई–निविदा के शर्त संख्या–18 में अग्रधन की राशि BG होने पर निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय तक जमा करना अनिवार्य किया गया है, जोकि विधिसम्मत नहीं है। उपरोक्त तथ्यों के आलोक में समिति द्वारा निविदादाता मेसर्स गौतम कुमार, भागलपुर द्वारा दर्ज आपत्ति को स्वीकार्य योग्य पाया गया। अतः सर्वसम्मति से तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा ई–निविदा का शर्त त्रुटिपूर्ण होने के कारण इसे रद्द करते हुए अविलंब पुर्ननिविदा करने का अनुशंसा किया गया।
2.	मेसर्स अंकुर आनंद, भागलपुर– सविनय निवेदन है कि उपर्युक्त कार्य हेतु प्रकाशित ई–निविदा की शर्तों का अवलोकन करने पर Sl.No. 18 के अंतर्गत E.M.D. से संबंधित एक ऐसी शर्त पाई गई है, जिसे विभागीय स्तर पर पूर्व में समाप्त/विलोपित किया जा चुका है। इसके बावजूद उक्त शर्त का वर्तमान निविदा में पुनः समावेश किया जाना ध्यान देने योग्य विषय है। पूर्व में विभाग द्वारा उक्त शर्त को हटाए जाने के पश्चात पुनः उसी शर्त को निविदा में शमिल किए जाने से इच्छुक एवं पात्र संवेदकों के समक्ष अनावश्यक कठिनाई उत्पन्न हो सकती है। विशेष रूप से ऐसी स्थिति में निविदा प्रक्रिया में भाग लेने वाले संवेदकों की संख्या	परिवादी मेसर्स अंकुर आनंद, भागलपुर आमंत्रित ई–निविदा में निविदादाता नहीं है। परिवादी द्वारा कंडिका–18 के संबंध में अग्रधन की राशि बैंक गारंटी जमा करने की प्रक्रिया के संबंध में की गयी आपत्ति के संदर्भ में विभागीय पत्रांक–4533(भ0), दिनांक–22.05.2025 के नियमानुसार निविदाओं के निष्पादन के क्रम में बैंक गारंटी मूलरूप में जमा करने की अनिवार्यता समाप्त की गयी है। जबकि विद्युत

	प्रभावित होने तथा व्यापक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित नहीं हो पाने की संभावना रहती है। यह भी उल्लेखनीय है कि उक्त शर्त के कारण बिहार राज्य के बाहर कार्यरत कई इच्छुक एवं पात्र कंपनियों/संवेदकों के लिए वर्तमान निविदा में भाग लेना कठिन हो सकता है। इससे निविदा प्रक्रिया में समान अवसर एवं व्यापक भागीदारी के उदेश्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। अतः यह स्पष्ट किया जाना उचित हो कि विभाग द्वारा पूर्व में समाप्त की जा चुकी उक्त शर्त को वर्तमान निविदा में पुनः सम्मिलित करने का आधार क्या है तथा इसके लिए किस सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन प्राप्त किया गया है। इससे निविदा की शर्तों के निर्धारण एवं विभागीय निर्देशों के अनुपालन की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। उपरोक्त तथ्यों के आलोक में अनुरोध है कि संबंधित शर्त की विभागीय स्तर पर पुनः समीक्षा की जाए तथा आवश्यकतानुसार उक्त शर्त को हटाकर सभी इच्छुक एवं पात्र संवेदकों को समान अवसर प्रदान किया जाए। अतः निवेदन है कि वर्तमान ई–निविदा की शर्तों में विभागीय निर्देशों के अनुरूप आवश्यक संशोधन करते हुए वर्तमान निविदा को निरस्त कर पुनः संशोधित शर्तों के साथ ई–निविदा आमंत्रित करने की कृपा की जाए, ताकि अधिकाधिक इच्छुक एवं पात्र संवेदक निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकें। साथ ही, वर्तमान निविदा के संबंध में पुनः निविदा आमंत्रित किये जाने तक किसी भी प्रकार की तकनीकी अथवा वित्तीय कार्रवाई आगे नहीं बढ़ाने की कृपा की जाए।	कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल, भागलपुर द्वारा आमंत्रित ई–निविदा के शर्त संख्या–18 में अग्रधन की राशि BG होने पर निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय तक जमा करना अनिवार्य किया गया है, जोकि विधिसम्मत नहीं है। उपरोक्त तथ्यों के आलोक में समिति द्वारा निविदादाता मेसर्स अंकुर आनंद, भागलपुर द्वारा दर्ज आपत्ति को स्वीकार्य योग्य पाया गया। अतः सर्वसम्मति से तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा ई–निविदा का शर्त त्रुटिपूर्ण होने के कारण इसे रद्द करते हुए अविलंब पुर्ननिविदा करने का अनुशंसा किया गया।

15. दिनांक–14.10.2026 को आहुत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के बैठक का मंतव्य :–

सम्यक विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से आपत्तिकर्त्ता निविदादाता मेसर्स गौतम कुमार, भागलपुर एवं परिवादी मेसर्स अंकुर आनंद, भागलपुर के परिवाद को स्वीकार्य योग्य पाते हुए ई–निविदा का शर्त त्रुटिपूर्ण होने के कारण इसे रद्द करते हुए अविलंब पुर्ननिविदा करने की अनुशंसा के साथ सहमति हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।

16. दिनांक–30.10.2026 को आहुत विभागीय निविदा समिति का निर्णय :–

सम्यक विचारोपरान्त विभागीय निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा पर सहमति प्रदान की गयी तथा विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल, भागलपुर को त्रुटिपूर्ण ई–निविदा आमंत्रित करने हेतु स्पष्टीकरण किया जाए।

इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड किया जाए।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

30/10/26

(विकास कुमार पाण्डेय)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
भ0 नि0 वि0, पटना।

30.10.2026

(रमेन्द्र कुमार)
मुख्य विद्युत अभियंता–02,
भ0 नि0 वि0, पटना।

30/10/26

(असीम कुमार)
अभियंता प्रमुख(विद्युत),
भ0 नि0 वि0, पटना।

30/X/26

(प्रणव कुमार)
सचिव,
भ0 नि0 वि0, पटना।

ज्ञापांक :–प्र022/भ0 विद्युत–प्राक्क0–170/26– 586 दिनांकः–02/11/26

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

02.11.2026

मुख्य विद्युत अभियंता–02,
भवन निर्माण विभाग, पटना।